उत्तरी क्षेत्र में रबी की फसल की खरीद के लिए लक्ष्य

645. **सरदार जगजीत सिंह अरोड़ा :**
श्री राम जेठमलानी :

क्या **खाद्य और नागरिक पूर्ति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि अतिरिक्त कृषि उत्पादन क्षेत्र पंजाब, हरियाणा तथा पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लिए रबी की फसल में वसूली का लक्ष्य सरकारी संस्थानों के लिए निर्धारित किया गया है;

(ख) यदि हां, तो विभिन्न राज्यों के लिए क्या-क्या लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं;

(ग) क्या यह भी सच है कि संबंधित राज्यों के अधिकारियों ने इन लक्ष्यों को प्राप्त करने में अपनी असमर्थता जाहिर की है; और

(घ) यदि हां, तो उनके क्या कारण हैं और क्या सरकार इस संबंध में आवश्यक कदम उठाने का विचार रखती है ?

खाद्य और नागरिक पूर्ति मंत्रालय में उप मंत्री (श्री डी० एल० बैठा) : (क) और (ख) पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश के अधिशेष राज्यों में रबी की फसल में केन्द्रीय पूल के लिए केवल गेहूं की वसूली की जाती है । वसूली के कोई लक्ष्य निर्धारित नहीं किए जाते हैं क्योंकि भारतीय खाद्य निगम और राज्य सरकारों तथा उनकी एजेन्सियों द्वारा सरकार के समर्थन मूल्य पर किसानों द्वारा स्वेच्छा से की गई पेशकश के प्रति गेहूं की वसूली की जाती है । किसानों द्वारा पेश किया गया और विहित मानकों के अनुरूप सभी गेहूं की वसूली एजेन्सियों द्वारा वसूल कर लिया जाएगा ।

(ग) और (घ) प्रश्न ही नहीं उठते ।

दिल्ली में अनधिकृत कालोनियों को नियमित किया जाना

646. **सरदार जगजीत सिंह अरोड़ा :** क्या **शहरी विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दिल्ली में अनेक अनधिकृत आवासीय कालोनियां है;

(ख) यदि हां, तो 1988 के अंत तक ऐसी कालोनियों की संख्या कितनी थी और उनमें अनुमानतः कितने लोग रह रहे थे;

(ग) क्या सरकार ने इन कालोनियों को नियोजित करने का निर्णय किया है; और

(घ) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है और इस मामले में अन्तिम निर्णय कब तक लिए जाने की संभावना है ?

शहरी विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री दलबीर सिंह) : (क) तथा (ख) अन्तिम तिथि फरवरी/जून, 1977 के बाद अनधिकृत कालोनियों तथा उनमें रह रहे लोगों का कोई सर्वेक्षण नहीं किया गया है ।

(ग) जी, नहीं ।

(घ) उपर्युक्त भाग (ग) के उत्तर को देखते हुये प्रश्न ही नहीं उठता ।

दिल्ली में सिटी सेन्टरों का विकास

647. **सरदार जगजीत सिंह अरोड़ा :** क्या **शहरी विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दिल्ली विकास प्राधिकरण से दिल्ली में सिटी